प्रेस नोट दिनांक 13.03.2025
थाना फरीदपुर जनपद बरेली।

थाना फरीदपुर बरेली पुलिस द्वारा 02 व्यक्तियों की गोली मारकर हत्या करने वाले 02 आरोपियों को पुलिस मुठभेड़ के दौरान घायलावस्था में किया गया गिरफ्तार।

आज दिनांक 13.03.2024 को समय करीब प्रातः 8:00 बजे थाना फरीदपुर क्षेत्र के ग्राम धारमपुर में अब्बास खान व शरीफ खान पुत्र गण नन्हे खान आदि के द्वारा गांव के ही अपने रिश्तेदार 1. दौलत खां पुत्र कुन्ना खां उम्र करीब 55 वर्ष व 2. रईस खा उम्र करीब 30 वर्ष पुत्र मुख्तार खां निवासीगण ग्राम धारमपुर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके संबंध में थाना फरीदपुर पर मु0अ0सं0 205/2025 धारा 191(2)/ 191(3)190/ 3(5)/ 103(1) BNS बनाम शरीफ खान आदि 9 के विरुद्ध पंजीकृत किया गया था।

प्रकरण की गम्भीरता को दृष्टिगत रखते हुए हत्या की घटना का शीघ्र सफल अनावरण एवं संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु उच्चाधिकारियों द्वारा प्रभारी निरीक्षक फरीदपुर के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया। थाना फरीदपुर पुलिस द्वारा आज दिनांक 13. 03.2025 को शाम के समय **अभियुक्त शरीफ खान व अब्बास खान** उपरोक्त को गिरफ्तार कर लिया गया था, जिनके द्वारा पूछताछ के दौरान घटना में प्रयुक्त तमंचो को बरामद कराने की बात बताई गई थी। पुलिस टीम द्वारा घटना में प्रयुक्त अवैध शस्त्रों को बरामद करने के उद्देश्य अभियुक्त गण को उनके बताए गए स्थान शायनी कॉलोनी, थाना फरीदपुर क्षेत्रांतर्गत, लेकर गए थे। जहां पर अभियुक्तों द्वारा पूर्व से रखे गए अवैध शस्त्रों को दौड़कर उठा लिया गया तथा भागते हुए पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर किए। आत्मरक्षार्थ पुलिस पार्टी द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में दोनों अभियुक्तों के पैर में गोली लगने से मौके पर ही घायल हो गए, जिन्हें घायलावस्था में गिरफ्तार कर उपचार हेतु सीएचसी फरीदपुर भिजवाया गया। उपरोक्त सम्पूर्ण कार्यवाही में कोई पुलिसकर्मी घायल नहीं हुआ है तथा गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्त नाम/पता-
1.अब्बास खान पुत्र नन्हे खान निवासी ग्राम धारमपुर थाना फरीदपुर जनपद बरेली।
2.शरीफ खान पुत्र नन्हे खान निवासी ग्राम धारमपुर थाना फरीदपुर जनपद बरेली।

अपराधिक इतिहास- अभियुक्त शरीफ खान
मु0अ0सं0 841/2019 धारा 308/323/452/504/506 भादवि0 थाना फरीदपुर जनपद बरेली।
मु0अ0सं0 205/2025 धारा 191(2)/ 191(3)190/ 3(5)/ 103(1) BNS थाना फरीदपुर जनपद बरेली।

अभियुक्त अब्बास खानः-मु0अ0सं0 205/2025 धारा 191(2)/ 191(3)190/ 3(5)/ 103(1) BNS थाना फरीदपुर जनपद बरेली।

बरामदगी- 01 तमंचा 315 बोर , 01 तमंचा 12 बोर ,02 जिंदा कारतूस 12 बोर, 01 खोखा कारतूस 12 बोर नाल में फंसा हुआ, 01 जिंदा कारतूस 315 बोर 01 खोखा कारतूस 315 बोर नाल में फंसा हुआ

पुलिस टीम-
1.श्री हरेन्द्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना फरीदपुर जनपद बरेली।
2.उ0नि0 श्री जितेन्द्र कुमार थाना फरीदपुर जनपद बरेली।
3.उ0नि0 श्री मुनेन्द्रपाल थाना फरीदपुर जनपद बरेली।
4.मु0आ0 बब्लू कुमार थाना फरीदपुर जनपद बरेली ।
5.मु0आ0 वीरेन्द्र सिंह थाना फरीदपुर जनपद बरेली।
6.मु0आ0 जाकिर बेग थाना फरीदपुर जनपद बरेली ।
7.का0 राहुल पंवार थाना फरीदपुर जनपद बरेली ।
8.का0 अजय तोमर थाना फरीदपुर जनपद बरेली ।
9.का0 भानू चौधरी थाना फरीदपुर जनपद बरेली ।
10.चालक गोलाई यादव थाना फरीदपुर जनपद बरेली।